**<u>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के सभा (Court) की दिनांक 19 अप्रैल, 2016 को पूर्वान्ह 11.30 बजे विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में सम्पन्न हुये द्वितीय अधिवेशन के कार्यवृत्त।</u>**

बैठक में उपस्थिति निम्नवत रही:-

1. प्रो0 ओंकार सिंह – अध्यक्ष
   कुलपति,
   मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर

2. प्रो0 आर0 यादव – सदस्य
   पूर्व निदेशक
   आर0आई0टी जमशेदपुर
   राज्य सरकार द्वारा नामित

3. प्रो0 एस0के0 बालसुब्रमणियन, – सदस्य
   आई0आई0टी0 बी0एच0यू0
   वाराणसी
   राज्य सरकार द्वारा नामित

4. श्री मुकुल सिंहल – सदस्य
   प्रमुख सचिव,
   प्राविधिक शिक्षा विभाग,
   उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ

5. प्रो0 के0 मुरलीधर, – सदस्य
   प्रोफेसर, मेकैनिकल इंजी0 विभाग,
   भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर
   अभातशिप के प्रतिनिधि

6. श्री अतुल कुमार श्रीवास्तव – सदस्य
   अपर निदेशक कोषागार, गोरखपुर
   प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, वित्त विभाग,
   उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ

(87)

7. डा0 के0सी0 गोस्वामी - सदस्य
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर
प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ

सभा के निम्नलिखित सदस्य अपरिहार्य कारणों से सभा के द्वितीय अधिवेशन में प्रतिभाग करने में असमर्थ रहे:-

1. प्रो0 वी0 चन्द्रशेखर, हेड आफ डिपार्टमेंट केमेस्ट्री, आई0आई0टी0, कानपुर
2. प्रो0 आर0आर0 मिश्रा, डिपार्टमेंट आफ फिजिक्स, बी0आई0टी0एस0 पिलानी, राजस्थान
3. प्रो0 देवी सिंह, पूर्व निदेशक, आई0आई0एम0 लखनऊ

समस्त माननीय सदस्यों के स्वर्ण जयन्ती सभागार में आगमन के उपरान्त कुलपति द्वारा सभी माननीय सदस्यों का स्वागत करते हुये आभार व्यक्त किया गया एवं समस्त माननीय सदस्यों का पुष्प गुच्छ प्रस्तुत किया गया। कुलपति द्वारा माननीय कुलाधिपति/श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के कार्यालय से कुलपति द्वारा सभा की अध्यक्षता विषयक प्राप्त निर्देश से सभा के माननीय सदस्यों को अवगत कराते हुये सभा की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी एवं कुलसचिव से बैठक का कार्यवृत्त अंकन की अपेक्षा की गयी।

बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिए गए:-

**द्वितीय-01** <u>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की सभा के दिनांक 17.3.2015 को सम्पन्न प्रथम अधिवेशन के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।</u>

सभा द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की सभा की दिनांक 17 मार्च, 2015 को सम्पन्न प्रथम बैठक की कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया गया।

**द्वितीय-02** <u>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की सभा के दिनांक 17.3.2015 को सम्पन्न प्रथम अधिवेशन के कार्यवृत्त का क्रियान्वित विवरण।</u>

सभा द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के दिनांक 17.3.2015 को सम्पन्न हुयी सभा के प्रथम अधिवेशन में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वित विवरण से अवगत होते हुये कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

**<u>द्वितीय-03</u>** **<u>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की सभा की प्रथम अधिवेशन के बाद हुयी गतिविधियों व प्रगति का प्रस्तुतिकरण।</u>**

मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की सभा के प्रथम अधिवेशन के बाद हुयी गतिविधियों व प्रगति का विस्तृत प्रस्तुतिकरण प्रो0 एस0के0 श्रीवास्तव, अधिष्ठाता, स्नातक अध्ययन एवं उद्यमिता द्वारा किया गया। सभा द्वारा विश्वविद्यालय की दिनाँक 17.3.2015 को सम्पन्न हुयी सभा की प्रथम अधिवेशन के उपरान्त अब तक की समस्त गतिविधियों एवं विकास पर संतोष व्यक्त किया गया।

साथ ही सभा के सदस्य प्रो0 आर0 यादव द्वारा छात्रों द्वारा दिये जाने वाले फीडबैक की गुणवत्ता परीक्षण कराये जाने के साथ-साथ शैक्षणिक गुणवत्ता संवर्धन के दृष्टिगत निम्नलिखित सुझाव इस आशय से दिये गये कि विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु की जा रही कार्यवाहियों के साथ इन बिन्दुओं का भी ध्यान दिया जाये।

1. Assignment Quality
2. Teaching Quality
3. Learning outcomes
4. Communication skill quality
5. Academic reputation
6. Employer view about quality of students
7. Teacher-students-relation
8. Citation (Research papers, Innovation, Patents) per faculty
9. Teachers students ratio
10. Students Project Quality

2. उपरोक्त के अतिरिक्त प्रो0 यादव द्वारा सभी शैक्षणिक विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग में कम से कम एक उत्कृष्टता (USP) विकसित किये जाने एवं इसे प्रचारित प्रसारित करने का सुझाव दिया गया।

4. सभा के सदस्य प्रो0 एस0के0 बालसुब्रमणियन द्वारा ग्रीष्मावकाश में Innovative Summer Project with incentive प्रारम्भ किये जाने का सुझाव दिया गया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित किये जाने की सम्भावनाओं को तलाशने का सुझाव दिया गया। विश्वविद्यालय में हो रहे विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुये सड़कों के चौड़ीकरण, Best Teachers Award दिये जाने की प्रक्रिया में Students Feedback को भी किसी स्तर पर महत्व दिये जाने एवं शिक्षकों को औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ मिल कर शोध कार्यों को करने का सुझाव दिया गया।

5. सभा के सदस्य प्रो0 के0 मुरलीधर द्वारा शिक्षकों में शोध कार्यो के प्रति रुझान बढाने एवं आपसी संवाद बढाये जाने हेतु Inter disciplinary कार्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वृहद प्रोजेक्ट तैयार कर क्रियान्वित किये जाने का सुझाव दिया गया। इसके साथ ही शिक्षकों से संबंधित फीडबैक को समस्त संबंधितों को उपलब्ध कराये जाने तथा उनके स्तर से वांछित सुधार करने एवं अधिकांश विषयों में Quantitative, Design, Analysis अंशो पर जोर देते हुये उन्हें अध्यापित किये जाने का सुझाव दिया गया। यह भी सुझाव दिया गया कि परीक्षायें यथासम्भव Descriptive स्वरुप में न रखी जाय। सभा के सदस्य प्रो0 के0 मुरलीधर द्वारा विश्वविद्यालय के बी0टेक0 छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली गेट परीक्षा में प्रतिभाग कराते हुये उनके राष्ट्रीय स्तरीय गेट स्कोर रैकिंग को भी शिक्षण गुणवत्ता के मानक स्वरुप लिये जाने का सुझाव दिया गया।

6. प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा के प्रतिनिधि डा0 के0सी0 गोस्वामी द्वारा पूर्वी उत्तर प्रदेश की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के दृष्टिगत कृषि इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाने व शिक्षकों के पदों को शीघ्रातिशीघ्र भरे जाने का सुझाव दिया गया।

**द्वितीय-04** <u>**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की प्रबन्ध बोर्ड की षष्ठम बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन।**</u>

सभा द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संचालन के संबंध में विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड द्वारा षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णयों एवं कृत कार्यवाही का पुनर्विलोकन किया गया।

**द्वितीय-05** <u>**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की प्रबन्ध बोर्ड की सप्तम् बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन।**</u>

सभा द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संचालन के संबंध में विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड द्वारा सप्तम बैठक में लिये गये निर्णयों एवं कृत कार्यवाही का पुनर्विलोकन किया गया।

**द्वितीय-06** <u>**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की प्रबन्ध बोर्ड की अष्ठम बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन।**</u>

सभा द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संचालन के संबंध में विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड द्वारा अष्ठम बैठक में लिये गये निर्णयों एवं कृत कार्यवाही का पुनर्विलोकन किया गया।

द्वितीय-07 **मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की प्रबन्ध बोर्ड की नवम् बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन।**

सभा द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संचालन के संबंध में विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड द्वारा नवम् बैठक में लिये गये निर्णयों एवं कृत कार्यवाही का पुनर्विलोकन किया गया।

द्वितीय-08 **मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की वार्षिक रिपोर्ट का अवलोकन।**

सभा द्वारा विश्वविद्यालय के दिनांक 01 दिसम्बर, 2015 को दो वर्ष पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गयी वार्षिक रिपोर्ट (Annual Report) का पुनर्विलोकन किया गया एवं स्थापना से अब तक विश्वविद्यालय की गतिविधियों, विकास तथा संचालन पर संतोष व्यक्त किया गया।

सभा के अधिवेशन के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो0 ओंकार सिंह द्वारा विश्वविद्यालय के अब तक के कार्यकाल में विश्वविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास हेतु किए गए प्रयासों व उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया तथा विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2014-15 से प्रारम्भ कर अपनी प्रवेश परीक्षा आयोजित कर छात्रों का प्रवेश दिये जाने, क्रेडिट बेस्ड सिस्टम, सत्र 2015-16 से पाँचों बी0टेक0 पाठ्यक्रमों में की गयी क्षमता वृद्धि, सत्र 2016-17 से बी0टेक0 के एक नये पाठ्यक्रम के संचालन, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार सहित आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ करने हेतु किए जा रहे प्रयासों आदि से सभा को अवगत कराया गया। सभा द्वारा वार्षिक रिपोर्ट से अवगत होते हुये अब तक की गतिविधियों की सराहना की गयी।

द्वितीय-09 **मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की वार्षिक लेखाओं का अवलोकन।**

सभा द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की वार्षिक लेखाओं का पुनर्विलोकन किया गया।

अन्त में बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापनोपरान्त समाप्त हुयी।

( प्रो0 ओंकार सिंह )
कुलपति
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
गोरखपुर